अनुमति के लिए, भेजा गया था। हालांकि विधेयक राष्ट्रपति द्वारा लौटाया नहीं गया है फिर भी, 12 मार्च, 1991 को लोक सभा में लाए गए और स्वीकार किए गए संशोधनों की विधिमान्यता के संबंध में कुछ स्पष्टीकरण मांगे गए हैं। इनकी संवीक्षा की जा रही है।

(घ) ऐसे विधेयकों को लौटाए जाने के लिए न तो कोई समय-सीमा नियत की गई है और न नियत किए जाने के संबंध में कोई प्रस्ताव ही सरकार के विचाराधीन है।

परिवार कल्याण कार्यक्रम

123. **डा० अबरा अहमद** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान परिवार नियोजन के राज्यवार लक्ष्य क्या निर्धारित किये गये थे तथा इस संबंध में इनकी उपलब्धियां क्या रहीं;

(ख) क्या यह सच है कि उपलब्धियों को दर्शाने वाले आंकड़ों में फर्जी आंकड़ों को शामिल किया गया था; और

(ग) सरकार बढ़ती हुई आबादी पर रोक लगाने के लिए क्या प्रभावी कदम उठाने का विचार रखती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० ताराडेवी) : (क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान परिवार नियोजन के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों और उपलब्धियों को वर्षवार, राज्यवार और विधिवार रूप में दर्शाने वाले चार विवरण उपाबन्ध में दिए गए हैं। [देखिये परिशिष्ट 159, अनुपत्र सं० 7]

(ख) परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों के संबंध में उपलब्धियों के आंकड़े राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों द्वारा सूचित किए गए निष्पादन आंकड़ों पर आधारित हैं। इस प्रकार के आंकड़ों की सत्यता को निश्चित करने के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा परिवार नियोजन स्वीकारकर्ताओं के संबंध में लगातार नमूना सत्यापन किया जाता है। इन एजेंसियों की उपलब्धियों को उपयुक्त उपचारी उपाय करने हेतु फिर से राज्य सरकारों को भेज दिया जाता है ताकि कार्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके।

(ग) देश में जनसंख्या वृद्धि को रोकने की नीति में शामिल है:—स्वास्थय सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार/स्वास्थ्य के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाना, व्यापक टीकाकरण कार्यक्रम द्वारा "शिशु रक्षा दर को बढ़ाना, नए गर्भ निरोधक तरीके प्रदान करना, जनसंख्या शिक्षा को गहन बनाना, सामुदायिक सहयोग को बढ़ाना उन्नत संचार विधियों को अपनाना स्वैच्छिक सगठनों को आर्थिक सहयोग, निचले स्तर पर कार्मिकों के प्रशिक्षण और पुन: प्रशिक्षण के अधिक प्रयास, अधिक अतर-क्षेत्रीय समन्वय स्थापित करना महिला शिक्षा और महिलाओं के स्तर में सुधार जैसे संबंधित विकास कार्यक्रमों के साथ सम्पर्क को सुदृढ़ बनाना और क्षेत्र-गहन तरीकों को अपनाना।

Export of Basmati Rice

123. SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government propose to export Basmati Rice during the current year;

(b) if so, what are the qualities there of; and

(c) what are the names of the coun tries to which rice would be exported?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI SALMAN KHURSHEED):(a) to (c) The export of Basmati Rice is freelif allowed under OGL. Government itsett does not export basmati rice. There